Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 05-05-2022 | अंक 216

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## ट्रेन की चपेट में आने से कटकर युवक की मौत

अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो



आज पचंबा थाना क्षेत्र स्थित हरिचक रेलवे ट्रैक पर कोडरमा मधुपुर सवारी गाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना दिन के दस बजे की बताई जा रही है। युवक का शरीर दो हिस्सों में रेलवे लाइन पर मिला। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पचंबा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। घटना की खबर सुनकर आस पास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। युवक की शिनाख्त सिहोडीह निवासी लक्ष्मण दास के सतरह वर्षीय पुत्र राजेश दास के रुप में की गई। मृतक युवक के परिजनो ने बताया कि राजेश दास पांच सौ रुपए अपने फुआ के घर चकटांड़ जा रहा था। इसी दरमियान वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसके दो टुकड़े हो गए। घटना स्थल पर पहुंचे मृतक युवक के परिजनो का चीख पुकार से घटना स्थल गमगीन हो गया। लोगों का कहना था कि जब आने जानें का समुचित रास्ता बना हुआ है तो फिर युवक रेलवे लाइन पार क्यों कर रहा था। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच में जुटी हुई है।

## बाइक दुर्घटना में एक घायल, रेफर



बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत झुर झुरी निवासी उमेश यादव उम्र 28 वर्ष पिता बालेश्वर यादव बाइक दुर्घटना में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरकट्ठा से घंघरी जाने के क्रम में दो बाइक आपस में टकरा गया, जिसमे उमेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं उनके परिजनों ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथ. मिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# बरही पश्चिमी क्षेत्र के जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने अपने क्षेत्र के विभिन्न गांवो का किया दौरा

## आपका समर्थन पाकर अभिभूत हूं : कुंती देवी

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



बरही पश्चिमी क्षेत्र के जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने गुरुवार को बरही पश्चिमी क्षेत्र के केदारूत, कजरा, तेली टोला, बरहीडीह एवं डूमरडीह सहित विभिन्न गावों का दौरा किया। जहां गांव के महिलाओं ने कुंती देवी को माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया, तत्पश्चात ग्रामीणों ने उन्हें अपने गांव में होने समस्या से अवगत कराया कहा की आज भी हमारा गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। पिछले लगभग सात सालों में विकास का कोई काम नहीं हुआ है विकास के नाम पर सिर्फ लुट हुआ है। साथ ही साथ ग्रामीणों ने कहा की जब चुनाव का समय आता है लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद हम किस हाल में जी रहे है कोई देखने तक नही आता है। वहीं बरही पश्चिमी जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने सभी महिला एवं पुरुषो को आश्वस्त करते हुए कहा की मैं हर सुख दुख में आपके साथ हूं। मैं जानती हूं की पिछले पांच सालों में विकास के नाम पर सिर्फ लुट हुआ है। साथ ही साथ उन्होंने मौके पर उपस्थित सभी महिला एवं पुरुषो से आग्रह किया की आप एक बार मुझे अपना कीमती वोट देकर मुझे विजयी बनाए। मैं आपको आश्वस्त करती हूं की बरही पश्चिमी क्षेत्र में अवश्य विकास की धारा बहेगी। जिससे उनकी बातो को सुनकर बैठक में उप. स्थित सभी महिला एवं पुरुषो ने उन्हें समर्थन देने का आश्वासन दिया। मौके पर बरही पश्चिमी क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद, गुलाब कुमार एवं सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।







आपका साथ और हमारा प्रयास
मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकास
बरही पश्चिमी से
पंचायत समिति पद
के लिए कर्मठ,जुझारू,समाजसेवी, प्रखर वक्ता,शिक्षित,
युवा उम्मीदवार
कपिल प्रसाद केशरी
का चुनाव चिन्ह
बेबी वॉकर
छाप
क्रम सं.
2
मत - पत्र का नमूना

| क्रम सं. | प्रत्याशी का नाम | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | कपिल प्रसाद केशरी | |
| 3. | | |
| 4. | | |

पर मुहर लगा कर भारी मतों से विजयी बनाएं
निवेदक - बरही पश्चिमी मतदातागण


वादा ही नही, विकास का ईरादा हैं।
मो. 8002847612
ग्राम पंचायत मलकोको के मुखिया प्रत्याशी
अब्दुल अंसारी उर्फ संजय
शिक्षित, संघर्षशील, कर्मठ एंव समाजसेवी मुखिया उम्मीदवार
चुनाव चिन्ह
सेब छाप
क्र0 संख्या 1
अब्दुल अंसारी उर्फ संजय सेब छाप क्र. संख्या 01
पर मोहर लगाकर भारी से भारी मतों से विजयी बनायें
झाँसे में न आना है अब्दुल अंसारी उर्फ संजस को जिताना है।
मत-पत्र (बैलेट -पेपर) का नमूना

| क्र. सं. | उम्मीदवार का नाम | चुनाव - चिन्ह |
|---|---|---|
| 1 | अब्दुल अंसारी उर्फ संजय | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |
| 5 | | |
| 6 | | |
| 7 | | |
| 8 | | |
| 9 | | |

निवेदक - समस्त मतदातागण...।


सिंघरावाँ पंचायत से मुखिया पद के लिए
युवा, योग्य,कर्मठ , संघर्षशील
एवं शिक्षित मुखिया प्रत्याशी
शहजाद खान
चुनाव चिन्ह
चक्की छाप
क्र.सं. 12
पर मुहर लगाकर
भारी मतों से विजयी बनावें
जनता को है पूरा विश्वास
इस बार होगा क्षेत्र का विकास


कोनरा पंचायत की भावी मुखिया प्रत्याशी
सैरा खातून कोनरा पंचायत के विकास के लिए संकल्पित
पंचायत चुनाव
चुनाव चिन्ह
पंचायत चुनाव
चुनाव चिन्ह
सैरा खातून
संकल्प पत्र
1. वायदे ही नही विकास का इरादा भी हैं।
2. रियाडा से विस्थापित कोनरा के रैयतों को वाजिब हक दिलाऊँगी।
3. शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता रहेगी।
4. सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारगी हमारी पहचान रहेगी।
सैरा खातून ने ठाना हैं
कोनरा पंचायत को
आदर्श पंचायत
बनाना हैं।
हम एक हैं
निवेदक
कोनरा पंचायत की जनता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## बरही पश्चिमी भाग 4 के जिला परिषद प्रत्याशी कुंती देवी के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही चौक स्थित पूजा भंडार के समीप बरही पश्चिमी भाग 4 के जीप प्रत्याशी कुंती देवी के कार्यालय का उद्घाटन समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद एवं जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। तत्पश्चात ता. पेश्वर प्रसाद एवं कुंती देवी के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। कार्यालय खोलने का मुख्य उद्देश्य कुंती देवी को जीत दिलाने के लिए चर्चा परिचर्चा के लिए किया गया है। वहीं जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा की आप सभी महिला एवं पुरुष जिस प्रकार मुझे समर्थन दे रहे है, मैं आप सभी का समर्थन पाकर अभिभूत हूं। अगर आप सभी का साथ इसी तरह बना रहा तो हम सभी की जीत निश्चित है। कार्यालय उद्घाटन के बाद बरही चौक के आस पास के लोगो से जाकर उनका समर्थन वहीं लोगो ने भी उन्हें समर्थन देने का आश्वासन दिया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गुलाब कुमार, मंटू सिंह, संतोष प्रसाद, चंदन कुमार, पप्पू केशरी, राज आर्यन उर्फ छोटी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बेन्दगी हरिजन टोला में लगा सोलर संचालित पेयजलापूर्ति सिस्टम दो साल से खराब

### पेयजल संकट से जूझ रहे हैं ग्रामीण, लगाने वाली एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



खराब पड़ा सोलर संचालित पेयजल आपूर्ति सिस्टम

बेन्दगी हरिजन टोला में लगा सोलर संचालित पेयजल आपूर्ति सिस्टम पिछले दो सालों से खराब पड़ा है। इसका निर्माण 15 वीं वित्त के द्वारा मुखिया फण्ड से किया गया था। लाखो की लागत से बनाया गया इस ग्रामीण पेयजल आपूर्ति सिस्टम वतर्मान समय मे शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। ग्रामीणों की माने तो पेयजल आपूर्ति सिस्टम लगने के कुछ ही महीनों बाद चापानल में लगा मोटर खराब हो गया। खराब मोटर को बनाने एवं पेयजल आपूर्ति सिस्टम को चालू कराने को लेकर तत्क. ालीन मुखिया से कई बार गुहार लगाई गई। लेकिन मुखिया के द्वारा पेयजल आपूर्ति सिस्टम को चालू कराने के प्रति कोई रुचि नही ली गई। जिसके कारण मुखिया के प्रति गहरी नाराजगी एवं असंतोष है। हरिजन टोला एवं आसपास के लोगो का कहना है कि इस तपती गर्मी में कुएं सुख रहे हैं। पानी का जल स्तर नीचे जा रहा है। ऐसे में सोलर संचा. लित पेयजलापूर्ति सिस्टम वरदान साबित हो सकता था। स्थानीय ग्रामीणों ने पीएचईडी से तत्काल पेयजलापूर्ति सिस्टम को चालू कराने के साथ साथ घटिया सामग्री लगाने वाले एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। समा. जसेवी रघु यादव ने कहा कि पिछले पांच सालों में विकास के नाम पर लूट हुई है। पेयजलापूर्ति सिस्टम लगाने में लाखों रुपये लगाए गए। लेकिन इसका कोई लाभ नही मिला। जनता के साथ धोखा हुआ है। इस पंचायत चुनाव में जनता अपना जबाब देगी।

## रसोइया धमना पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी अनुज कुमार ने जारी किया संकल्प पत्र

### कहा वादा नही काम करेंगे, जन-जन के समस्याओ का निदान करेंगे

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के रसोईया धमना पंचायत से पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी अनुज कुमार ने पंचायत वासियों के लिए 11 सूत्री संकल्प पत्र जारी किया है, संकल्प पत्र के माध्यम से उन्होंने पंचायत के मुख्य समस्याओ का निदान करने का संकल्प लिया है। साथ ही कहा है कि मैं वादा नही काम करके दिखाऊंगा। पंचायत के सभी लोगो के विभिन्न समस्याओं का यथा शीघ्र निदान करने का प्रयास करूंगा। साथ ही पंचायत वासियों के मांग एवं भावनाओ को ख्याल रखते हुए सभी के सहमति से पंचायत के विकास को लेकर रोड मैप तैयार किया जाएगा। 11 सूत्री संकल्प पत्र इस तरह से है, पंचायतवासियों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं कानूनी जागरूकता लाना। अनुमंडल, ब्लॉक, थाना, कोर्ट, अस्पताल सहित अन्य सरक. ारी कार्यालयों में पंचायत वासियों के कार्यो को शीघ्रता पूर्वक निष्पादित करवाना। किसानों के खेतों में सिंचाई की व्यवस्था करवाना, खिलाड़ियो के लिए खेल ग्रा. उंड का निर्माण करवाना, बेरोजगार युवाओ के लिए रोजगार क०न्सिलिंग सेंटर का निर्माण व महिलाओं के लिए लघु उद्योग का सृजन करना, पंचायत में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करना, जिला से फंड का व्यवस्था कर ग्रामीणों के सुझाव पर उपयो. गिता अनुसार पंचायत के सभी गांवों में गली, नली, चबूतरों सहित अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना, पंचायत में सभी चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लाइटिंग की व्यवस्था करवाना एवं उनका सही रख रखाव सुनिश्चित करना, पंचायत वासियों का किसी भी प्रकार का न्यायालय (कोर्ट) से संबंधित मामलों के लिए प्रत्येक सप्ताह निःशुल्क जागरुकता शिविर एवं जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क अधिवक्ता (वकील) उपलब्ध करवाना, पंचायत में फैली द्वेष की भावना को समाप्त कर भाईचारगी का माहौल बनना, पंचायत वासियों के बीच उत्पन्न छोटी-मोटी उलझनों को ग्राम पंचायत के माध्यम से समाधान कर आदर्श पंचायत का सपना साकार करना।









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर






# पंचायत चुनाव को लेकर चुनाव ऑब्जर्वर ने की प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पंचायत चुनाव को लेकर की जा रही तैयारी की समीक्षा को लेकर अनुमंडल कार्यालय में प्रशासनिक पदाधिकारियों की बैठक हुई। अध्यक्षता चुनाव ऑब्जर्वर रवि रंजन कुमार एवं संचालन एसडीओ पूनम कुजूर ने किया। चुनाव के संबंध में हो रही तैयारी, मॉडल कोड आफ कंडक्ट का सही तरीके से क्रियनिवन एव व्यय पंजी का सत्यापन संबंधित तैयारियों का जायजा लिया गया। साथ ही इले. क्शन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा निर्देशों से भी अवगत कराया गया। सामान्य पर्यवेक्षक के द्वारा बताया गया कि इलेक्शन में मॉडल कोड आफ कंडक्ट को लेकर किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाए। किसी भी तरह के वायलेशंस पर एफ आई आर के साथ-साथ अग्रेतर कार्रवाई भी की जाए।अनुमंडल सभागार में हुई बैठक में अनुमंडल पदा. धिकारी बरही पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप. पो, बीडीओ क्रिस्टिना रिचा इंदवार ,थाना प्रभारी नीरज सिंह सहित बरही अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी , अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी मौजूद रहे।


बैठक में शामिल प्रशासनिक पदाधिकारी









# मुखिया प्रत्याशी सुनील चंद्रवंशी की बेटी सड़क दुर्घटना में घायल, स्वास्थ्य लाभ की कामना

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जहाँ प्रत्याशी अपने आने क्षेत्र का दौरा कर रहे है वहीं बरही पश्चिमी मुखिया प्रत्याशी सुनील चंद्रवंशी की बेटी आराध्या कुमारी उम्र 5 वर्ष जो स्कूल से अपने घर पहुचते ही एक आ रही मोटरसाइकिल सवार ने आराध्य को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई। घायल अवस्था में परिजनों व स्थानीय लोगो की मदद से बरही में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए आरोग्यम हॉस्पिटल हज़ारीबाग़ भेज दिया। जहाँ आराध्या का इलाज किया जा रहा है। वहीं मुखिया प्रत्याशी सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि पंचायत चुनाव को लेकर वे अपने क्षेत्र का दौरा कर रहे थे। दौर करने के बाद क्षेत्र के युवाओं के साथ बैठक कर चुनाव की रणनीति बना रहे थे उसी समय फोन आया कि उनकी बेटी आराध्या का किसी मोटरसाइकिल से दुर्घटना हो गई है। आनन फानन में प्रत्याशी सुनील चंद्रवंशी ने बैठक छोड़ हॉ. स्पिटल की ओर दौड़ पड़े, वहीं अपनी बेटी को देख उनका रो रो कर बुरा हाल था। वहीं उनके शुभचिंतकों ने हजारीबाग हॉस्पिटल पहुंचकर तो किसी ने टे. लिफोनिक माध्यम से बच्ची का हाल चाल पूछ रहे हैं। वा जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर












सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बीडीओ ने गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न बूथों एवं क्लस्टर का किया निरीक्षण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पंचायत चुनाव को लेकर स्थानीय प्रशासन मुस्तैद है। अपने स्तर से चुनाव सम्पन्न करवाने में किसी भी प्रकार को परेशानी नहीं हो इसके लिए अभी से लगातार सभी बूथों एवं क्लस्टर प्वाइंटो का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने प्रखंड के डपोक, कोल्हुवाकला, विजैया एवं भंडारों के बूथों एवं क्लस्टर का निरीक्षण करने अपने सहयोगियों के साथ पहुंचे। साथ ही साथ उन्होंने निरीक्षण में पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, लाइट, सुरक्षा, पोलिंग एजेंटो को बैठने की व्यवस्था, वोट डालने की जगह समेत अन्य चीजों की बारीकी से जानकारी ली। मौके पर जेपीएस सावना मांझी समेत अन्य लोग मौजूद थे।















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ, भक्ति में डूबा चक

### चक सहित आसपास के गाँव मे भक्ति का माहौल है : मनोज यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



बच्छई पंचायत के चक में आयोजित श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ हुवा शुभारंभ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुषों के साथ बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, समाजसेवी भुनेश्वर यादव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र रजक सहित अन्य सम्मिलित हुए। इससे पहले पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने मुख्य पुजारी को माथे पर कलश देकर कलश यात्रा को रवाना किया। कलश यात्रा शिव मंदिर चक से शुरू होकर सिंघरावां मोड़ से होते हुए बराकर नदी तक पहुँचा। यज्ञाचार्य आशीष जी ने महाराज ने मंत्रोच्चरण के साथ कलश में जल भरनी का कार्य समपन्न करवाया। कलश यात्रा के साथ पूरा चक सहित आ. सपास के गाँव भक्ति में डूबा। पूर्व विधायक ने कहा कि चक ने जिस उद्देश्य से महायज्ञ का आयोजन किया है भगवान भोलेनाथ सबकी की इच्छा पूरा करेंगे। कला यज्ञ से क्षेत्र में भक्ति का माहौल। इधर यज्ञ समिति अध्यक्ष उदय यादव, सचिव प्रमोद राणा, कोषाध्यक्ष पप्पू राणा, उपाध्यक्ष नंद किशोर यादव संरक्षक सहदेव प्रसाद यादव, अशोक राणा आदि ने अतिथियो को श्रीराम का पट्टा देकर स्वागत किया। महायज्ञ को सफल बनाने में गंगा यादव, रंजीत यादव, उपेन्द्र यादव, सिकेन्द्र यादव, प्रकाश राणा, मंटू राणा, आदि महती भूमिका निभा रहे है। कलश यात्रा में समा. जसेवी आरती कौशल, सीताराम रविदास, समा. जसेवी रामलखान राणा, बिनोद साहू, संतोष पांडेय, शंकर दयाल साव, विवेक. ।नंद विवेक, आदित्य राणा, आदित्य साव, मनोज यादव, नकुलदेव रजक, सहित अन्य।

## गिरीडीह में हुई जोरदार बारिश से लोगो को मिली गर्मी से राहत

**अपेम लाइव :**
**गिरिडीह/ मुफसील**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



गिरीडीह शहर तथा आस पास मुफसिल के क्षेत्रों में आज दोपहर में जोरदार बारिश हुई जिससे लोगो को गर्मी से राहत मिली लोग काफी गर्मी से काफी परेशान थे।इस साल गर्मी का तापमान लगातार बढ़ रही थी।जिससे शहर तथा मुफ्फसिल क्षेत्र के लोग काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।10 बजे के बाद बाजार सन्नता हो जाता था। लोगो घरों में दुबक जाते थे और शाम को ही घर से निकलते थे।कुँए के पानी सूख रहे थे।तालाब,नदी का जल स्तर नीचे जा रहा था।तापमान में काफी बृद्धि हो गई थी।लेकिन वही दो चार दिन से मौसम बना रहा था मगर बारिस नही हो रही थी।मगर आज दोपहर में जोरदार बारिश हुई तथा साथ ही साथ ओला भी गिरा ,तापमान में काफी गिरावट हुई।जिससे लोगो को गर्मी से राहत मिली।




## गादी श्रीरामपुर पंचायत में पीएमआवास के नाम पर भारी लूट का खुलासा किया भाकपा माले ने

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह सदर प्रखंड के गादी श्रीरामपुर के महुवाटांड़ गाँव में प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी लूट है,माले की टीम निरक्षण करने गई तो पता चला कि किसी आवास में प्लास्टर नहीं है तो किसी मे दरवाजा नहीं है,किसी घर के छत से पानी टपकता है तो किसी घर का अस्तित्व खतरे में है,ऐसा कई गाँव मे हुआ है,पिछ्ले मुखिया की शिकायतें लगातार माले उठाता रहा है,इसको लेकर आर टी आई, लोकपाल,उपायुक्त, सीओ आदि को भी शिकायत की जा चुकी है किंतु अफसर भी चुप रह कर जनता की आवाज को रोकना चाहते है,माले ने कई बार जांच भी करवाया लेकिन अफसर शांत पड़ जाते है,अब भाकपा माले की टीम गरीब जनता को घर घर जा कर जनता को सड़क पर निकलने के लिए प्रेरित कर रही है,वैसे तो 10 सालो की लूट लोगो को समझ में आ ही रही है लेकिन पिछ्ले मुखिया पैसे के बल पर सब का मुँह शांत कर के रखे है,ज्ञात हो कि पिछ्ले मुखिया ने जो पीएम आवास के नाम पर पैसे लिए थे वह माले के प्रयास से लौटाया भी गया है लेकिन ऐसा करना कानूनन जुर्म है,लेकिन अंधी बहरी सरकार के सामने गरीब को लूट लेना ही जायज कहलाता है।

माले लगातार गिरिडीह जिले भर में लूट के विरुद्ध आवाज उठाते रहता है,आगे भी यह आवाज जारी रहेगा।माले के विधानसभा प्रभारी कॉमरेड राजेश सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा में जनप्रतिनिधि यदि लूटेंगे तो उसके खिलाफ भी सड़क पर रहेंगे और यदि अफसर लूट्ते हो तो भी सड़क पर उतरेंगे,पंचायत चुनाव के बाद माले की जांच कमिटी बनेगी जो लूट पर नजर रखकर उसके खिलाफ आवाज हमेशा की तरह और भी जोरदार तरीके से बुलंद करेगी। आवास जांच की अगुवाई श्री रामपुर कमिटी के सचिव सनातन साहू सोनू रवानी,राजू सिंह,नारायण सिंह,रा. जूसिंह,मज़बूल,रंजीत रवानी मुख्य रूप से शामिल थे।

## गिरिडीह में आज कक्षा नवम की परीक्षा शांतिपूर्ण हुई


**अपेम लाइव :**
**गिरिडीह/ मुफसील**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



आज गिरीडीह शहर और उसके आस पास के सभी +2 उच्य विद्यालय में कक्षा नवम फ़र्स्ट टर्म की परीक्षा शांतिपूर्ण से ली गई।जंहा पर सभी स्कूल प्रधानाचार्य ने कदा चार मुक्त परीक्षा लिया।और दिन भर बिधि वेवस्था में लगे थे।आज सुबह से ही बच्चे अपने दोपहिया गाड़ी से,या रिजर्व गाड़ी से परीक्षा केंद्र पहुँचे।जिससे आज शहर में जाम की इस्थिति देखी गई ।लगभग 10 बजे जाम खुला आज कक्षा नवम के विद्यार्थियों की चार बिषय की परीक्षा ली गई।जिसमे पहले हिंदी और अंग्रेजी की लिया गया उसके बाद गणित और विज्ञान की परीक्षा लिया जाएगा।

## जमडीहा में आयोजित देवी भागवत ज्ञान महायज्ञ के दूसरे दिन पहुंचे विधायक विनोद कुमार सिंह

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के गादी पंचायत अंतर्गत जमडीहा गांव में श्री श्री 108 मां भगवती, पार्वती एवं हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह देवी भागवत ज्ञान महायज्ञ के दूसरे दिन बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह पहुंचे यज्ञ समिति के द्वारा विधायक जी को सम्मानित किया गया इस अवसर पर विधायक विनोद कुमार सिंह ने यज्ञ समिति एवं जमडीहा ग्राम वासियों को शानदार आयोजन के लिए बधाई दिए वाराणसी से चलकर आए कथावाचक श्री ओम प्रकाश जी महाराज,बोडो पचंबा से श्री रामानंद शास्त्री एवं श्रीमति जानकी शरण शास्त्री जी ने भी कथा सुनाए हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किए कथा संपन्न होने के बाद महाप्रसाद वितरण किया गया इस दौरान बलराम राय, मुस्तकीम अंसारी, हरिहर राम, बद्री राम , निवर्तमान मुखिया रामकिशोर राय, निवर्तमान पंचायत समिति सदस्या निशा देवी, यज्ञ समिति अध्यक्ष संतोष सिंह,सचिव दशरथ सिंह, कोषाध्यक्ष जनार्दन राम, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, मुख्य पुजारी श्री रामप्रसाद सिंह, के साथ ही हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे ।

## पत्रकार रितेश ठाकुर ने बड़कागांव मध्य पंचायत से पंचायत समिति सदस्य के लिए पर्चा भरा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


रितेश ठाकुर

बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला निवासी पत्रकार रितेश कु मार ठाकुर ने बड़कागांव मध्य पंचायत से अनुमंडल कार्यालय हजारीबाग में पंचायत समिति सदस्य पद के लिए पर्चा भरा। मौके पर समर्थकों ने फूल माला पहनाकर शुभकामनाएं दी। रितेश ठाकुर ने कहा कि मैं शिक्षा जगत से हमेशा जुड़ा रहा हूं, इसलिए मेरी प्रथम प्राथमिकता पंचायत में शिक्षा को बढ़ावा देना होगा।

APEM LIVE

## कांडतरी पंचायत समिति सदस्य पद के लिए रंजीत चौबे करवाया नामांकन

### कहा मूलभूत सुविधा को उपलब्ध करवाना पहली प्राथमिकता

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : कांडतरी पंचायत ग्राम सोनपुरा निवासी चाइल्ड लैंड के टीम लीडर सह समाजसेवी रंजीत चौबे ने पसस पद के लिए निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन करवाया। इस दौरान श्री चौबे ने कहा कि पिछले कि चुनाव में बहुत ही कम वोट से हारे हुए थे, फिर भी 15 वर्षो से बिना कोई पद पर रहकर जनता के बीच सेवा कर रहा हूँ। जनता का आशीर्वाद की जरूरत है। यदि पंचायत की जनता अपना आशीर्वाद देकर हमे सेवा का अवसर दिया तो पंचायत में मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाना हमारा पहला प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि 11 वर्षो के कार्यकाल में पंचायत में सिर्फ ही सिर्फ विकास के नाम पर खाना पूर्ति हुई है। यह पंचायत प्रखण्ड का एक ऐसा पंचायत है जहां की जनता मूलभूत समस्याओ से वंचित हैं।




## सोते हुए पति पर खोलता पानी डाल कर हत्या मामले में पत्नी को भेजा गया जेल

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बीते दिन बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत नापो कला में सोते हुए पति तिलेश्वर कुमार पर खोलता हुआ पानी डाल कर हत्या के मामले में पत्नी बिना देवी को जेल भेज दिया गया है। बिना देवी पर बड़कागांव कांड संख्या 114 के तहत 326 एवं 307 धारा लगाया गया है। बता दें कि एसएसबी के जवान नापो कला निवासी तिलेश्वर कुमार अपने गांव छुट्टी मनाने आए थे। नींद की हालत में पत्नी बिना देवी के द्वारा खोलता हुआ पानी तिलेश्वर कुमार पर डाल दिया गया था। जिससे पीड़ित का 90% शरीर झुलस गया था। इलाज के दौरान रांची के एक अस्पताल में मौत हो गई थी। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान पीड़ित के बयान के अनुसार मामला दर्ज किया गया था जिस पर कार्रवाई करते हुए बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया गया।

## श्रीलंका में फंसे मजदूरों की कल होगी वापसी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



श्रीलंका में फंसे हुए झारखंड के मजदूर

श्रीलंका में फंसे हजारीबाग, गिरिडीह तथा धनबाद जिले के सभी 19 मजदूरों की शुक्रवार को वापसी हो जाएगी। मजदूरों की वापसी राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार की पहल पर हो रही है। मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद सरकार एवं राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने इसपर संज्ञान लेकर मजदूरों की वापसी के प्रयास किए। श्रीलंका में भारत के राजदूत ने मजदूरों की मदद की। मजदूरों ने इसके लिए सभी मीडियाकर्मियों, सरकार तथा सभी प्रवासी मजदूरों के हित में काम करनेवाले समाजसेवी सिकन्दर अली को धन्यवाद दिया है। सभी मजदूर श्रीलंका की राजधानी कोलंबो एयरपोर्ट से शुक्रवार की सुबह 3:10 बजे चेन्नई के लिए उड़ान भरेंगे। उसी सुबह 4:40 बजे सभी चेन्नई एयरपोर्ट पहुंचेंगे। उसके बाद उसी दिन पूर्वी 11:45 बजे पुनः सभी रांची के लिए उड़ान भरेंगे। दोपहर 2 बजे मजदूर रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। फंसे मजदूरों में बगोदर के वकिल महतो, कारु अंसारी, अब्दुल अंसारी, अख्तर अंसारी, फिरोज आलम, छत्रधारी महतो, देवानंद महतो, सहदेव महतो, रामचंद्र कुमार, प्रसादी महतो, प्रदीप महतो, तुलसी महतो, कोलेश्वर महतो, सरिया के तिलक महतो, राजेश महतो, डुमरी के महेश महतो, तोपचांची के मनोज कुमार तथा विष्णुगढ़ के भलुआ निवासी नागेश्वर महतो तथा देवेन्द्र महतो शामिल हैं। बता दें कि ब्रोकर के जाल में फंसकर सभी मजदूर श्रीलंका में कल्पतरू ट्रांसमिशन कंपनी में काम करने गए थे। काम के बाद मजदूरों को तीन महीने का वेतन कंपनी नहीं दी। जिससे सभी दाने-दाने को मोहताज हो गए।

APEM LIVE

## पश्चिमी जिला परिषद सदस्य के लिए सुषमा ठाकुर ने पेश की दावेदारी

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बृहस्पतिवार को बड़कागांव ठाकुर मो. हल्ला निवासी सुषमा ठाकुर ने अनुमंडल कार्यालय में पश्चिमी जिला परिषद सदस्य के लिए पर्चा भर कर दावेदारी पेश की। नामांकन करा कर लौटने के दौरान बरवाडीह भोक्ता स्थान मंदिर और बड़कागांव काली मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद ली एवं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की आदम कद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित की। भोक्ता स्थान मंदिर के पास सैकड़ों ग्रामीणों ने माला पहनाकर स्वागत की एवं पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र से विजय होने की आशीर्वाद दी। सुषमा ठाकुर ने कहा कि पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र के अंतर्गत चहुमुखी विकास करना मेरा प्रथम लक्ष्य होगा। नारी सशक्तिकरण के साथ-साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। महलाओं को स्वालंबन बनने एवं रोजगार से जोड़ने का काम किया जाएगा।

## यज्ञ स्थल कोल्हासिंघा में लगा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला के बेंगाबाद प्रखंड स्थित मोतीलेदा पंचायत के कोल्हासिंघा गांव में चल रही हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री राम चरित मानस महायज्ञ स्थल पर यज्ञ समिति द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किया गया। कैंप में सदर अस्पताल गिरिडीह के प्रख्यात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश रंजन ने सेवा प्रदान किया। कैंप में सैकड़ों बच्चो का मुफ्त इलाज किया गया और दवाइयां वितरित की गई। यज्ञ समिति के अध्यक्ष रीतलाल वर्मा ने आईएनएन 24न्यूज़ से बात करते हुए कहा कि हमारी यज्ञ समिति यज्ञ का सफल संचालन के साथ साथ लोगों को स्वास्थ्य लाभ भी देने का काम कर रही है। यज्ञ समिति के आमंत्रण पर आज सदर अस्पताल गिरिडीह के शिशु रोग विशेषज्ञ ने दिन के बारह बजे से शाम चार बजे तक अपनी सेवा दी इसके लिए यज्ञ समिति सदैव आभारी रहेगा। यज्ञ नौ मई तक चलेगा और यज्ञ समिति का प्रयास रहेगा की लोगो को बेहतर तरीके से सेवा दिया जाय। फ्री हेल्थ चेकअप कैंप को सुचारू रूप से संचलित कराने में यज्ञ समिति के सचिव नरेश कुमार वर्मा और कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार वर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

